भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
जन संपर्क विभाग
प्रैस-विज्ञप्ति

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला कर्मचारियों के लिए स्वास्थ्य जॉच व स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया

नई दिल्ली, **मार्च 9,** 2017: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 08 मार्च, 2017 को अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने महिला कर्मचारियों के लिए राजीव गॉधी भवन में स्वास्थ्य जॉच व स्वास्थ्य चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया । एस. सी. आई. अन्तरराष्ट्रीय हॉस्पिटल, नई दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस जॉच शिविर में ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर व बी एम आई जॉच के अतिरिक्त महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा जॉच भी की गई ।

कार्यक्रम का प्रारम्भ श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन) द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ । इस अवसर पर सदस्य (मानव संसाधन) ने सभी महिला कर्मचारियों के खुशहाल व स्वस्थ जीवन की कामना व्यक्त की ।

इस स्वास्थ्य जॉच कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी के लिए संपर्क करें
म.प्र. (जनसंपर्क) 011-24622787,9811521881,
सं. 76/2016-17

श्री अनुज अग्रवाल, सदस्य (मानव संसाधन), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर राजीव गॉधी भवन, नई दिल्ली में दीप प्रज्जवलित करते हुए, साथ मेँ भा॰ वि॰ प्रा॰ के वरिष्ठ अधिकारी ।